## भर्ती हेतु सूचना
## कनिष्ठ परामर्शदाता/परामर्शदाता– राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम)

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का एक उप–मिशन है, जिसे शहरी कमजोर वर्ग के लोगों, जैसे कि आवारा बच्चों, निर्माण मज़दूरों, रिक्शा चालकों, सेक्स वर्कर, पटरी विक्रेताओं, प्रवासी मज़दूरों इत्यादि पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए शहरी आबादी की स्वास्थ्य ज़रूरतें पूरी करने के लिए आरंभ किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य, मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी प्रणाली को सुदृढ़ करना, आवश्यकतानुसार नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, सामुदायिक संपर्क को बेहतर बनाना, शहरी स्वास्थ्य कर्मियों का क्षमता विकास करना और मौजूदा रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को एकीकृत करना है। शहरी स्वास्थ्य में शहरी स्थानीय निकायों के एक महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते, यह मिशन शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की शहरी स्वास्थ्य क्षमता को सुदृढ़ करने और नगर निकायों के साथ भागीदारी में स्वास्थ्य के सामजिक घटकों का समाधान करना चाहता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय का एक तकनीकी सहयोग निकाय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, एनयूएचएम के कार्यान्वयन में राज्यों के सहयोग के लिए मंत्रालय के साथ कार्य करता है। एनएचएसआरसी के विभिन्न प्रभाग, अपने तकनीकी क्षेत्र के अनुसार राज्यों में एनयूएचएम के कार्यान्वयन में योगदान करते हैं। जन स्वास्थ्य प्रशासन (पीएचए) प्रभाग, मिशन को आगे ले जाने में सभी प्रभागों और मंत्रालय के साथ समन्वय करता है।

जन स्वास्थ्य प्रशासन, एनयूएचएम के कार्यान्वयन में सहयोग के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर कनिष्ठ परामर्शदाता/ परामर्शदाता की भर्ती करने का इच्छुक है। कनिष्ठ परामर्शदाता/परामर्शदाता, पीएचए प्रभाग के सलाहकार के समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेंगे

### कार्य का विवरण

1. एनयूएचएम के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए पीएचए टीम को सहयोग करना।
2. राज्यों में कार्यान्वियन की प्रगति की समीक्षा के लिए समय–समय पर निगरानी दौरे करना, रिपोर्टें तैयार करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वियन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना,
3. कार्यान्वियन में आ रही बाधाओं की पहचान करने के लिए फील्ड दौरों, एचएमआईएस, तिमाही प्रगति रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों और प्रेक्षणों का विश्लेषण एवं उपयोग करना और व्यावहारिक समाधान का प्रस्ताव करना,
4. कार्यक्रम कार्यान्वियन, प्रगति, नवाचार, पीपीपी इत्यादि पर राज्यवार डेटा का संग्रह रखना
5. कार्यक्रम दिशानिर्देश और क्षमता विकास सामग्री तैयार करने में सलाहकार और वरिष्ठ परामर्शदाता की सहायता करना,
6. राज्यों को क्षमता विकास सहयोग प्रदान करने के लिए पीएचए टीम को सहयोग प्रदान करना, कार्यक्रम दिशानिर्देश क्षमता विकास सामग्री और अन्य दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करना,
7. प्रभाग के लिए एनयूएचएम कार्यशालाओं और बैठकों के आयोजन में सहयोग करना,
8. शहरी स्वास्थ्य के लिए एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों, जैसे कि गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, जन स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य वित्तपोषण प्रभागों के साथ समन्वय करना,
9. आवश्यकतानुसार पीएचए प्रभाग के अन्य कार्य करना।

### पात्रताः

**i) अनिवार्य**

- सामाजिक विकास से संबंधित क्षेत्र, जैसे कि जन स्वास्थ्य/समाज विज्ञान/एमएसडब्ल्यू/विकास अध्ययन में स्नातकोत्तर उपाधि
- कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए अधिमानतः सामाजिक विकास के क्षेत्र में, किंतु जन स्वास्थ्य में अनिवार्य नहीं, योग्यता उपरांत 1 वर्ष और वरिष्ठ परामर्शदाता के लिए 2 वर्षों का कार्य अनुभव,
- उत्साही, गतिशील और पहल करने एवं स्वामित्व की भावना के साथ उच्च अभिप्रेरित, तथा टीम के अंग के रूप में सौंपे गए कार्य को करने के लिए तत्पर,
- सीमित अवधि में ब्यौरों का पूरा ध्यान रखते हुए उच्च गुणवत्तापूर्ण लिखित कार्य करने की योग्यता,
- समस्या समाधान पहल के साथ स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम और नीति पर कार्य करने के लिए उत्सुक,
- टीम में नवीन एवं अभिनव विचार लाते समय प्रश्न करने की योग्यता; किसी भी परिस्थिति में उपयुक्त उत्तर देने की योग्यता सहित, सतर्क और उत्सुक,
- देश में सामाजिक विकास और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की अच्छी समझ,
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल,

- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक
- समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्यों को करने की क्षमता।
- एमएस–ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट) में प्रवीणता
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं आयु में ढील दी जा सकती है।

**ii) वांछनीय**

- जन स्वास्थ्य के सुसंगत क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव,
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का ज्ञान
- कार्यक्रम या नीतिगत स्तर पर स्वास्थ्य मुद्दों पर कार्य करने, निगरानी एवं मूल्यांकन, डेटा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन, शासन का अनुभव
- शहरी और ग्रामीण समुदायों, विशेष तौर पर कमजोर और सामाजिक रूप से सीमांत समूहों के साथ सीधे तौर पर कार्य करने का अनुभव।

**आयु सीमाः** कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए – अधिकतम 30 वर्ष और परामर्शदाता के लिए अधिकतम 40 वर्ष

**कार्य स्थलः** मुख्य कार्यालय नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार विभिन्न राज्यों एवं जिलों की यात्रा,

**संविदा अवधिः** 3 माह की परिवीक्षा अवधि सहित एक वर्ष

**पारिश्रमिक सीमाः** कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए – प्रतिमाह 30,000/– रु. से 39,000/– रु. के बीच और परामर्शदाता के लिए – प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **20-Apr-2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।